Concern over suicides by farmers in Vidarbha region of Maharashtra

श्री दत्ता मेघे (महाराष्ट्र): महोदय, महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में कपास उत्पादक और अन्य किसानों द्वारा कर्ज के बोझ से दबे रहने का कारण की जा रही आत्महत्याओं की तरफ मैं प्राय: हर सत्र में आपके माध्यम से विशेष उल्लेख द्वारा सरकार का ध्यान आकर्षित करता रहा हूं। सरकार ने विदर्भ के लिए अनेक पैकेजों की घोषणा भी की है, लेकिन इन सब प्रयासों के बावजूद किसानों द्वारा की जा रही आत्महत्याएं रुक नहीं रहीं हैं। अभी पिछले महीने जनवरी, 2007 में 62 किसानों ने आत्महत्याएं की हैं। फरवरी, 2007 में भी आत्महत्याओं का सिलसिला जारी है। ऐसा प्रतीत होता है, सरकार द्वारा दी जा रही सहायता किसानों तक नहीं पहुंच रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार 2006 में 1050 से भी अधिक किसान आत्महत्याएं कर चुके हैं। यह अत्यन्त भयावह और चिन्ता की स्थिति है। सरकार द्वारा जो भी सहायता दी गई है, उसका कपास उत्पादक किसानों को बहुत कम लाभ मिल पाया है।

मेरा अनुरोध है कि विदर्भ के किसानों को जो सहायता दी जा रही है, वह उनको मिल रही है या नहीं, इसको सुनिश्चित करने के लिए कोई स्थायी व्यवस्था होनी चाहिए ताकि यह पता लग सके कि जो सहायता किसानों को दी गई है, क्या वह उनको मिल गई है?

मेरा सरकार से यह भी कहना है कि कपास उत्पादक विदर्भ के किसानों की स्थिति पर गंभीरता से विचार कर उन कारणों को तुरन्त दूर किया जाना चाहिए, जिनके कारण किसान आत्महत्याएं करने के लिए बाध्य हो रहे हैं।

Motion of thanks on President's Address

श्री राजीव शुक्ल (महाराष्ट्र): उपसभापति महोदय, मैं डा॰ कर्ण सिंह द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। माननीय राष्ट्रपति जी ने तमाम महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रकाश डाला है। चूंकि हमारे विद्वान वक्ताओं ने तमाम चीजों पर पहले ही अपने विचार व्यक्त किए हैं, इसलिए मैं बहुत संक्षेप में कुछ बिन्दुओं पर अपने विचार प्रस्तुत करूंगा। इसमें कोई शक नहीं है और यह किसी से छिपा हुआ नहीं है कि आज देश ने 60 साल में पहली बार 9 प्रतिशत से ऊपर की विकास दर प्राप्त की है हमें इस सरकार के नेतृत्व में यह विकास दर प्राप्त हुई है। इसका सभी दलों को समर्थन करना चाहिए, बजाए इसके कि इसको आलोचनाओं और प्रत्यालोचनाओं के दायरे में लाया जाए। यह सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है कि आज पूरा विश्व हमें एक इमर्जिंग इकनोमी की तरह देख रहा है। भारत की ऐसी आर्थिक उन्नति हो रही है कि पूरा विश्व हमारी तरफ टकटकी लगाए हुए है और हम आलोचना के दायरे में फंसे हुए हैं। इससे यह होता है कि जब ये बातें बाहर

जाती हैं तो विदेशों में भी लोग यह समझते हैं कि क्या भारत के अंदर कहीं कोई बात खोखली तो नहीं है। इसलिए हमें आलोचनाओं और प्रत्यालोचनाओं से बचना चाहिए। मान्यवर, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इकोनॉमिक ग्रोथ को महंगाई से लिंक किया जाता है। प्राइस राइस एक ऐसा मुद्दा है, इससे हम सब सहमत हैं कि प्राइस राइस को रोकना चाहिए और इसको आगे नहीं बढ़ने देना चाहिए, चाहे इसके लिए जो भी कदम उठाए जाएं। कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी लगातार महंगाई रोकने की बात करती रहती हैं, लेकिन यह मानना चाहिए कि यह एक टेम्परेरी चीज है। यह महंगाई कुछ वक्त के लिए है और इसको रोकने की कोशिश की जा रही है, लेकिन मैं आज यह बात कह सकता हूं कि एक डेढ़ महीने पहले जो स्थिति थी, उसमें अब सुधार हुआ है। चीनी 6 रुपए किलो नीचे आई हैं गेहूं और चावल के दामों में भी कमी आई है। स्टील के दामों में भी कमी आई है और वित्त मंत्री जी का सीमेंट के दाम कम करने के लिए लगातार प्रैशर व दबाव चल रहा है। ऐसी बात नहीं है कि दामों में कमी लाने के लिए प्रयास नहीं हो रहा है। मैंने अभी ये पांच-छः आवश्यक वस्तुएं बताई हैं, जिनके दामों में कमी आई है और कोई भी आदमी इनको बाजार में जाकर चैक कर सकता है। मैं यहां पर इसमें एक महत्वपूर्ण बात और जोड़ना चाहूंगा कि आज देश में जो हालत है, वह यह है कि अभी हम पचास हजार करोड़ के एग्रीक्लचर प्रोडक्ट्स आयात कर रहे हैं। हमारा 2020 तक का जो अनुमान है, उसमें हमें अपनी भारतीय जनता के लिए कम से कम पांच लाख करोड़ के एग्रीक्लचर प्रोडक्ट्स आयात करने पड़ेंगे। यह स्थिति इसलिए पैदा हो रही है क्योंकि हमारे देश में अर्बनाइजेशन तेजी से बढ़ रहा है और एग्रीकल्चरल लैंड कम हो रहा है तथा लैंड होल्डिंग्स कम होती चली जा रही हैं। इसकी वजह से जनसंख्या और भी बढ़ रही है, तो खाद्य पदार्थों की कमी स्वाभाविक है। हमें इससे आगे और बड़ा चेलेंज मिलने जा रहा है। दूसरे प्राइवेट सैक्टर्स के लोग लगातार फूड ग्रेन्स एक्सपोर्ट के काम में लगे हुए हैं, इसलिए इस बार व्हीट का प्रोक्योरमेंट कम हुआ है। यह एक सबसे बड़ी दिक्कत हमारे सामने आई है। यह सबसे बड़ी चीज है कि अर्बनाइजेशन करते समय यह ध्यान रखें कि हम एग्रिक्लचर लैंड, फर्टाइल लैंड को कम से कम इस्तेमाल में लाएं। मुझे याद है, जब राजीब गांधी जी थे, तो उन्होंने एक वेस्टलैंड मिनिस्ट्री बनाई थी। उसमें उन्होंने कहा था कि इस देश की 27 परसेंट जमीन ऊसर जमीन है, वेस्टलैंड जमीन हैं मेरा यह मानना है कि जितने भी नए SEZ दिए जाएं, जितना भी नया इंडस्ट्रियालाइजेशन हो, जितना भी नया अर्बनाइजेशन हो, हाऊसिंग कॉलोनी हो, हम क्यों नहीं नए टाऊनशिप वेस्टलैंड में बनाते हैं। जो ऊसर जमीन है, उसमें चमन करो, जिस तरह सीरिया ने किया है। इससे हमें बहुत फायदा मिलेगा, इसलिए सरकार को वेस्टलैंड वाले proposal को consider करना चाहिए। महामहिम राष्ट्रपति जी अभिभाषण में जुडिशियल रिफॉर्म्स के बारे में भी एक महत्वपूर्ण बात कही गई है। कल इस विषय पर हमारे सांसद डा॰ पी॰सी॰ अलेक्जेन्डर साहब ने भी अपनी बात रखी थी। मैं इनके विचारों से पूरी तरह से सहमत हूं, क्योंकि जुडिशियल रिफॉर्म्स बहुत जरूरी हैं, इसलिए मैं यह महत्वपूर्ण और अहम बात सदन के सामने रख रहा हूं। आज जिस तरह से ज्यूडिशियरी में करप्शन की बात हो रही है, यह

जगह-जगह चर्चा का विषय बन चुकी है। दो-दो हाई कोर्ट्स के जज़ेस की फाइलें इसी आधार पर प्रेसिडेंट ऑफ़ इंडिया ने वापस की हैं। तमाम जगह जज़ेस की शिकायतें हो रही हैं। करप्शन के चार्जेस लग रहे हैं। चाहे गुजरात का मसला हो, चाहे अन्य राज्यों का मसला हो, लेकिन हम इन्हें होली काऊ बनाकर बिठाए हुए हैं। इस तरफ ध्यान नहीं देते हैं। इन्होंने क्या किया कि धीरे-धीरे सारे अधिकार अपने हाथ में ले लिए। अब यह जो ज्यूडिशियल कौंसिल बनाने की बात हो रही है, इसमें भी सिर्फ जज़ेस को छोड़ दिया गया है। सिर्फ जज़ेस तय करेंगे कि कौन ठीक है, कौन बुरा है। यह कैसे हो सकता है? इसमें एक्ज्यूकेटिव के रिप्रेजेंटेटिव्ज क्यों नहीं हैं? इसमें समाज के दूसरे वर्गों के प्रतिनिधि क्यों नहीं हैं? सिर्फ जजों के बारे में जज ही फैसला करेंगे। जब समाज के हर वर्ग के बारे में आप फैसला करते हैं तो आपके बारे में भी दूसरों को फैसला करने का अधिकार होना चाहिए। स्पीकर और चेयरमैन तक से अधिकार लिए जा रहे हैं। पार्लियामेंट तक से अधिकार जा रहा है। अगर जनता हमें चुनती है तो इसलिए चुनती है कि हम पूरे देश पर राज करें। हमें मतदाताओं और जनता ने प्रतिनिधित्व दिया है। यह इसलिए नहीं दिया है कि कुछ वर्ग छोड़ दिए जाएं, सिर्फ इसलिए कि मीडिया एक प्रेशर पैदा करता है। मीडिया के प्रेशर में आकर राजनीतिज्ञ अपने सारे अधिकार, जो प्रजातंत्र में दिए गए हैं, उन्हें छोड़ते चले जा रहे हैं। यह सिर्फ इस डर से है कि छवि बिगड़ जाएगी। मेरा सरकार से बहुत स्पष्ट शब्दों से अनुरोध है कि ज्यूडिशियल कौंसिल में निश्चित रूप से दूसरे क्षेत्रों के प्रतिनिधि भी होने चाहिए। सिर्फ जज जज के बारे में तय न करे। न पोलिटिशियन को पोलिटिशियन के बारे में तय करने का अधिकार देना चाहिए, न ब्यूरोक्रेट्स को ब्यूरोक्रेट्स के बारे में तय करने का अधिकार देना चाहिए। ऐसे समाज और देश नहीं चलता है। इसलिए यह बहुत जरूरी है। खासतौर से जब लगातार जज़ेस के बारे में शिकायतें आ रही हैं। मैं चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया, श्री बालाकृष्णन साहब को धन्यवाद दूंगा कि उन्होंने खुद इस बात को हाईलाइट किया है और कहा है कि मैं ज्यूडिशियरी में ट्रांसपेरेंसी लाने की कोशिश करूंगा और जज़ेस की जो तमाम शिकायतें हैं, उनसे सख्ती से निपटूंगा। मेरा उनसे अनुरोध है कि इस बात पर विचार करें। ऑल इंडिया ज्यूडिशियल कौंसिल में एग्ज्यूकेटिव के लोग आएं।

एक और इम्पोर्टेन्ट बात है आप पहले के जज़ेस उठा लीजिए। जब सरकार, एग्ज्यूकेटिव या सब जगह के चीफ मिनिस्टर्स, लॉ मिनिस्टर, प्राइम मिनिस्टर, सभी मिलकर ज्यूडिशियरी के साथ बनाते थे, वह लाट बहुत अच्छी आई थी। पिछले पचास-साठ साल के उन जज़ेस की अभी तक तारीफ है। अभी सिर्फ ज्यूडिशियरी के हाथ में सारे जज़ेस दे दिए गए हैं। इसके बाद क्या तस्वीर है, मुझे कहने की जरूरत नहीं है। किस-किस तरह की शिकायतें लगातार आ रही हैं। क्वालिटी इम्प्रूव करने के लिए जरूरी है कि जो पुराना प्रोसेस था, प्रोसिजर था, उसी को अडोप्ट किया जाना चाहिए।

मान्यवर, राष्ट्रपति जी के अभिभषण में एक बात इंटरनल सिक्योरिटी को लेकर भी है। आज नक्सलवाद निश्चित रुप से एक बड़ी चिंता हो रही है। हर तरफ, कई राज्य बुरी तरह से इसकी चपेट में हैं। मुझे लगता है कि इसे रोकने के लिए राज्यों और केंद्र का एक सामूहिक प्रयास होना चाहिए। इसके साथ-साथ इनसे कौन लड़ रहा है? पैरा मिलिट्री फोर्स लड़ रही है। पैरा मिलिट्री फोर्सेज़ के लोगों की हालत बहुत खराब है। अगर आप उनके जवानों को देखें तो उनकी पोस्टिंग इतनी कठिन होती है कि आप सोच नहीं सकते हैं। इसके बदले में जो वेतन और सुविधाएं होती हैं, वे बहुत कम होती हैं। जो थाने में पुलिस तैनात है, उनको उनसे कम्पेयर करते हैं तो पाते हैं कि थाने की पुलिस बहुत मजे में है। पैरा मिलिट्री फोर्स, जो देश की सारी समस्याओं से लड़ रही है, उसका बुरा हाल है। पैरा मिलिट्री फोर्सेज़ के जो जवान हैं, उनके इमोल्यूमेंट्स, उनकी सैलरी, उनके पर्क्स पर सरकार को विचार करना चाहिए। यह मेरा अनुरोध है।

रूरल एम्प्लोएमेंट गारंटी स्कीम एक ऐसी योजना है जिससे गांव में रोजगार बढ़ाने का निश्चित रूप से अवसर मिलेगा। अभी तक इस पर 6000 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। 8000 करोड़ रुपए का प्रावधान सरकार ने किया था, अभी 2000 कोड़ रुपए खर्च होने बाकी हैं। 64 करोड़ मेंडेट अलॉट किए जा चुके हैं। इसकी कुछ शिकायतें हो सकती हैं क्योंकि पहला प्रयोग है, पहला अनुभव है। चूंकि राज्य सरकारों के जरिए लागू हो रहा है, इसलिए राज्य सरकारों की इस मामले में मॉनिटरिंग के जरिए कुछ न कुछ व्यवस्था होनी चाहिए कि इसका सही सदुपयोग हो। गांव में जो जरुरतमंद लोग हैं यह उन तक पहुंचे। जिन-जिन राज्यों में इस स्कीम का दुरुपयोग हो रहा है, उनको ब्लैक लिस्ट करना चाहिए। उन राज्यों को पैसा देने से पहले कुछ सोचना चाहिए। गवर्नमेंट ऑफ इंडिया को इनके बारे में कोई मोनिटरिंग एजेंसी अवश्य बिठानी चाहिए।

यहां पर प्रफुल्ल पटेल जी नहीं हैं। मैं उनके लिए यह कहना चाह रहा था, इंडियन एक्सप्रेस अखबार में आया है कि जो पीक ऑवर्स हैं, एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा सबके लिए डबल चार्जेज लगाने की बात आई है। मैं भी यह मानता हूं कि यह कंज्यूमर फ्रेंडली नहीं है। मैं इसकी बजाय उलटा सुझाव दे रहा हूं। जो नॉन पीक ऑवर्स हैं, आप उसमें इंसेटिव्स दे दीजिए। इसमें कम कर दीजिए। चाहे लैंडिंग चार्जेस हो, चाहे टैरिफ हो, चाहे पैसेंजर में कम कर दो। इससे लोग अपने आप उसमें बढ़ेंगे, बजाय इसके कि आप पीक ऑवर्स में बढ़ाइए। अपने आप क्लॉगिंग बंद हो जाए।

श्री विजय जे. दर्डा (महाराष्ट्र): पीक ऑवर में ठीक नहीं है।

श्री राजीव शुक्ल: वही तो कह रहे हैं कि समस्या आपकी है। इंफ्रास्ट्रक्चर आपका तैयार नहीं हुआ, कंज्यूमर क्यों सफर करे। इसलिए इस पीक ऑवर्स वाले प्वाइंट पर भी हमें ध्यान देना चाहिए। और इसे रोकने की व्यवस्था करनी चाहिए। श्री सीताराम येचुरी जी ने foreign policy के बारे में जो बात कही है, IPSA और BRICKS वाली, मैं उनसे पूरी तरह से सहमत हूं। हमें निश्चित रूप

से इस तरह का ग्लोबल फोरम डेवलप करना चाहिए। जिन देशों की economy merge कर रही है या merge कर चुकी है, यदि उनका एक ब्लॉक बने, तो इससे बढ़िया कुछ नहीं हो सकता है। इनके पास सारे रिसोर्सेज़ हैं और यह देश के लिए अच्छा रहेगा। इसमें किसी से टकराव की बात नहीं है, किसी के सामने खड़ा नहीं किया जा रहा है, यह किसी से प्रतिद्वंद्विता की बात नहीं है, लेकिन अगर इस तरह का ब्लॉक हमारी economy की मदद करने के लिए उभरता है और जो देश बढ़ रहे हैं, आर्थिक उन्नति कर रहे हैं, उनका एक ब्लॉक बनता है, तो इससे बढ़िया कोई बात नहीं हो सकती है।

उपसभापति जी, आदरणीय जनेश्वर जी इस समय यहां नहीं हैं। उन्होंने कुछ मुद्दे उठाए थे, हम सब उनका सम्मान करते हैं, वे बुजुर्ग हैं और किसी जमाने में उन्हें ''लोहिया'' के नाम से भी जाना जाता था। उन्होंने कई मुद्दे उठाए हैं, हालांकि राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में वे मुद्दे नहीं हैं, उनमें से एक मुद्दा उत्तर प्रदेश का भी उठाया है और उन्होंने कहा है कि लगातार प्रधान मंत्री की सरकार, वहां के मुख्य मंत्री को सता रही है। मैं खुद मानता हूं कि लोकतंत्र में किसी को सताने का कोई प्रश्न नहीं उठता है और न सताया जाना चाहिए, लेकिन मैं एक बात कहना चाहता हूं कि इसमें प्रधानमंत्री जी के सताने का प्रश्न कहां से उठता है? अगर सुप्रीम कोर्ट किसी चीज का आदेश देती है, तो उसमें प्रधान मंत्री कहां से आड़े आते हैं? दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि अगर उसी किस्म का आदेश श्री लालू यादव के खिलाफ आए, तो उसका स्वागत है, मायावती के खिलाफ आए, तो उसका स्वागत है, तो यह pick and choose नहीं हो सकता कि एक के खिलाफ आए, तो स्वागत है, बाकी के खिलाफ आए, तो आलोचना मेरे ख्याल से यह ठीक नहीं है...(व्यवधान)

श्रीमती जया बच्चन (उत्तर प्रदेश): आप भी वही कह रहे हैं। जो आपको suit करता है, वह लाजिम है, जो आपको suit नहीं करता, वह लाजिम नहीं है, आप भी वही कह रहे हैं.... (व्यवधान)

श्री उपसभापति: वे yield नहीं कर रहे हैं ...(व्यवधान)

श्रीमती जया बच्चन: राजीव जी, आप जनेश्वर जी के लिए जो कह रहे हैं, आप भी वही कह रहे हैं ...(व्यवधान) हम अपनी तरफ से बात कर रहे हैं, आप भी अपनी तरफ से बात करिए .... (व्यवधान)

श्री रूद्रनारायण पाणि (उड़ीसा): मैडम, ये जो कह रहे हैं, वही कर भी रहे हैं .... (व्यवधान)

श्री उपसभापति: पाणि जी, आप बैठिए .... (व्यवधान) आपकी तरफ इशारा नहीं था, आप क्यों उठ रहे हैं ...(व्यवधान) बोलिए, बोलिए .... (व्यवधान)

श्री राजीव शुक्ल: जया जी, मैं अपनी बात कह रहा हूं। हम यह कह रहे हैं कि इसमें सरकार का कोई लेना-देना नहीं है। ऐसा नहीं हो सकता है कि एक मामले में इसी एजेंसी को कहा जाए कि यह Congress Bureau of Investigation है और लालू या मायावती जी के मामले में कहा जाए कि यह Congress Bureau of Investigation नहीं है, यह बड़ी independent agency है। आपकी सरकार ही कई बार मांग करती है कि CBI को यह मामला सौंप दिया जाए। तो एक मामले में CBI की साख है, दूसरे मामले में नहीं है, या तो तय हो जाए कि CBI की कोई साख है या नहीं .....(व्यवधान)

श्री उपसभापति: वह छोड़िए, यहां इस पर बहस नहीं हो रही है ....(व्यवधान)

श्री राजीव शुक्ल: या तो तय हो जाए कि कोई साख नहीं है या साख है, सब लोग मिलकर तय कर लें, यह pick and choose नहीं हो सकता कि एक मामले में साख है, दूसरे मामले में साख नहीं है, यह मेरा कहना है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shuklaji, please, address the Chair.

श्री राजीव शुक्ल: गेम के रूल्स एक होने चाहिए, खेल के नियम ....(व्यवधान)

श्री उपसभापति: आप लोग बैठकर बात मत कीजिए ....(व्यवधान)

श्री राजीव शुक्ल: मेरा सिर्फ यह कहना है कि खेल के दो नियम नहीं हो सकते हैं। अगर इलाहाबाद हाईकोर्ट का कोई ऑर्डर है–नौएडा प्लॉट आवंटन पर CBI enquiry का, उसको अगर सुप्रीम कोर्ट रोक देता है, तो सुप्रीम कोर्ट सही है और अगर सुप्रीम कोर्ट कोई दूसरा ऑर्डर करता है, तो फिर judiciary बेकार है, judiciary खराब है, सुप्रीम कोर्ट खराब है, मेरे ख्याल से यह ....(व्यवधान)

श्रीमती जया बच्चन: सर, ये बहुत गलत बोल रहे हैं ....(व्यवधान) किसी ने यह कहा, How can he say this?... (*Interruptions*). But this is going on record I disagree. He cannot say this. We have never said anything against judiciary.

श्री उपसभापति: जया जी, आप जो बोलती हैं, वह आपका अधिकार है, वे जो बोलते हैं, वह उनका अधिकार है, अभी उदय प्रताप सिंह जी बोलेंगे, तब बता देंगे। आपकी पार्टी की ओर से वे बोल रहे हैं, उस वक्त आप बता दीजिए .... (व्यवधान)

SHRIMATI JAYA BACHCHAN: बिल्कुल सही कह रहे हैं, but, he cannot accuse us that we have said that judiciary is wrong. यह बार-बार कहा गया है ....(व्यवधान)

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Rajeev Shukla, please, address the Chair.

श्रीमती जया बच्चन: आप गलत बोल रहे हैं ...(व्यवधान) क्या कर रहे हैं आप ...(व्यवधान)

श्री राजीव शुक्ल: मैं क्या कर रहा हूं, सुन रहा हूं ...(व्यवधान)... I am not yielding.

SHRIMATI JAYA BACHCHAN: Don't put words in our mouth.

श्री उपसभापति: शुक्ल जी, आप केवल चेयर को address कीजिए, उनको मत address कीजिए ... (व्यवधान)

श्री राजीव शुक्ल: महोदय, मैं केवल यह कह रहा हूं कि ...(व्यवधान)

SHRIMATI JAYA BACHCHAN: He is putting words in our mouth. We have never ever said anything against judiciary.

श्री राजीव शुक्ल: उपसभापति जी, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में इस प्रकार के प्रकरण नहीं आते हैं, लेकिन जनेश्वर जी ने इसका जिक्र किया और प्रधानमंत्री जी पर आक्षेप किया, इसलिए मैं बोलना चाहता हूं कि इसमें सरकार का कोई लेना-देना नहीं है। इसमें न सरकार का कोई हस्तक्षेप है, न कांग्रेस पार्टी का कोई हस्तक्षेप है, यह मैं कहना चाहता हूं। सुप्रीम कोर्ट सब मामलों में सही है, सब मामलों में सही है, यह हम मानते हैं, CBI सब मामलों में सही है, तो सही है, अगर सब मामलों में गलत है, तो गलत है–यह मेरा कहना है, मैं किसी pecific case की बात नहीं कर रहा हूं।

उपसभापति जी, एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि ....

श्री वी॰ नारायणसामी (पांडिचेरी): यू॰पी॰ के बारे में थी ...(व्यवधान)

श्री राजीव शुक्ल: नहीं, यू॰पी॰ के बारे में नहीं थी।

श्री उपसभापति: नारायणसामी जी, आप क्यों provoke कर रहे हैं ...(व्यवधान)

श्री राजीव शुक्ल: जया जी की आपत्तियां बहुत आ रही हैं ... मैंने इन चार-पांच बिंदुओं पर अपने विचार प्रकट किए हैं, मुझे उम्मीद है कि निश्चित रूप से सरकार इनकी ओर ध्यान देगी, खास तौर से judicial reforms, economic growth और foreign policy का जो issue है, इनकी ओर सरकार विशेष रूप से ध्यान देगी, यही मेरा कहना है, धन्यवाद।

श्री उदय प्रताप सिंह (उत्तर प्रदेश): आदरणीय उपसभापति जी, मैं आपका बहुत आभार प्रकट कर रहा हूं कि आपने धन्यवाद प्रस्ताव पर मुझे बोलने की अनुमति दी है। एक तो इस प्रस्ताव से महामहिम राष्ट्रपति जी का नाम जुड़ा हुआ है और दूसरा यह आदरणीय डा॰ कर्ण सिंह जी के द्वारा प्रस्तावित है, जिनका मैं बहुत आदर करता हूं। इसलिए मैं यह कहूं कि मैं इस प्रस्ताव का विरोध कर

रहा हूं, तो ऐसा मैं नहीं कह सकता। लेकिन अगर मैंने इसका विरोध नहीं किया, तो यह माना जाएगा कि मैं इसका समर्थन कर रहा हूं और इस सरकार से हमने समर्थन वापस ले लिया है। इसलिए मैं बड़ी दुविधा और संकोच में हूं कि जो कुछ कहूं, वह कैसे कहूं। एक बात मैं कहना चाहता हूं।... (व्यवधान)...

श्री वी॰ नारायणसामी: सरकार से समर्थन withdraw करके उसके बाद बीजेपी का समर्थन कर रहे हैं।

श्री उदय प्रताप सिंह: एक मिनट, आप ऐसा मत बोलिए। मैं अच्छी बातें बोलूंगा। मैं कभी कड़वी बातें नहीं करता, इसलिए मैं अच्छी बातें करूंगा।

आदरणीय उपसभापति जी, सभ्यता के इतिहास में एक बात सामने आती है कि समता का महत्व बढ़ता चला गया। मनुष्य और मनुष्य के बीच के, समाज के हर हिस्से में बराबरी होनी चाहिए। बस इसी का नाम सभ्यता है। इसलिए तीन संस्थाएं पैदा हुई–एक डेमोक्रेसी, एक सेकुलरिज्म और एक सोशलिज्म। यह जो सामाजिक बराबरी पर आधारित है, उसका नाम सोशलिज्म है; जो राजनैतिक बराबरी पर आधारित है, उसका नाम डेमोक्रेसी है और जो धार्मिक बराबरी के आधार पर है, उसका नाम सेकुलरिज्म है। लेकिन ये तीनों संस्थाएं अन्योन्याश्रित हैं, एक-दूसरे पर आधारित हैं। एक के बगैर दूसरी जिन्दा नहीं रह सकती। जिस देश में सेकुलरिज्म नहीं होता है, उसके दो उदाहरण हैं, एक हमारे पूर्व में है और एक पश्चिम में है। दोनों में जो लेवल ऑफ डेमोक्रेसी है, वह इतना नीचा है कि वह न के बराबर है। जो बात मैं कहना चाहता हूं कि यह बराबरी, मैं उसी बात पर आऊंगा, जहां से अभी बात शुरू हो रही थी, सबसे बड़ी चीज़ है बराबरी। हमारे संविधान में भी तीनों बातें कही गई हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि ऐसा नहीं हो सकता कि हम एक बराबरी पर तो कायम रहें और दूसरी बराबरी को नकार दें। पाकिस्तान और नेपाल उदाहरण हैं। वहां सेकुलरिज्म नहीं है, तो लेवल ऑफ डेमोक्रेसी कितना कम है। मैं बड़े सम्मान के साथ नाम लेना चाहता हूं रूस एक बड़ा देश है और वह समाजवाद का बहुत बड़ा पोषक रहा। लेकिन मैं यह नहीं कहता कि वहां पर समाजवाद के बिखराव का कारण केवल एक था, अन्य कारण हो सकते हैं। लेकिन एक कारण यह भी था कि वहां पर जो सरकारें थी, उनमें जो आयरन कर्टेन था, उसमें डेमोक्रेसी का स्तर बहुत कम था। इसलिए मैं यह साबित करना चाहता हूं कि समाजवाद बिना डेमोक्रेसी के नहीं रह सकता, डेमोक्रेसी बिना सेकुलरिज्म के नहीं रह सकती। ये सब एक दूसरे के ऊपर अन्योन्याश्रित हैं।

इतना कहने के बाद मैं अब कहना चाहता हूं कि कल से बहस हो रही है, तो सरकार के जो समर्थक हैं, सब एक ही बात कह रहे हैं। या तो वे विकास दर की चर्चा कर रहे हैं या वे सेंसेक्स की चर्चा कर रहे हैं या वे कह रहे हैं कि हमारी सेविंग्स इतनी हैं, हमारा निवेश इतना है और इसलिए देश बहुत तरक्की कर रहा है। मैं यह कहना चाहता हूं कि वह डेमोक्रेसी क्या डेमोक्रेसी है, जिसके एक

बहुत छोटे से हिस्से को तो लाभ हो रहा हो, लेकिन कालाहांडी, बिहार, उड़ीसा और उत्तर प्रदेश के पूर्वी इलाके, जहां पर गरीबी है, उनको उसका लाभ न मिल रहा हो। तो सबसे पहले मैं यह ध्यान दिलाना चाहता हूं डेमोक्रेसी का केवल यह अर्थ नहीं है। महोदय, गांधी जी ने कहा था कि असली भारत गांवों में रहता है और गांधी जी ने यह भी कहा था कि हम आजादी के लिए आज़ादी नहीं चाहते हम व्यवस्था परिवर्तन के लिए आज़ादी चाहते हैं। महोदय, व्यवस्था परिवर्तन का उनका आशय यह था कि जिन लोगों को कभी अधिकार नहीं मिले, उन को अधिकार मिलने चाहिए, जो गरीब हैं उन को खाना मिलना चाहिए। मैं सरकार से पूछता हूं कि क्या इस मामले में वह सफल हुई है? आप याद रखिएगा, एक तरफ पैसा आ रहा है, सेंसेक्स बढ़ रहा है, विकास दर बढ़ रही है, सेविंग बढ़ रही है और निवेश बढ़ रहा है तो गैर-बराबरी भी बढ़ रही है। महोदय, याद रखिएगा कि यह गैर-बराबरी बहुत खतरनाक चीज है।

आदरणीय उपसभापति जी, कल आपने कहा था कि कविता नहीं सुनायी। अब मैं इसी बात को कविता से कहना चाहता हूं:

आंकड़े तुम्हारे कुछ भी कहते हों लेकिन,

सत्य यही है कि जनता और गरीब हुई।

उत्पादन तो बढ़ा मगर तहखानों में,

लाखों लोगों को रोटी नहीं नसीब हुई।

महोदय, हम राजाओं की बुराई करते थे, लेकिन लोकशाही, नेताशाही में क्या ऐसे नेता नहीं हैं जो नवाबों को भी मात कर रहे हैं? तब मैं कहना चाहता हूं:

समता के घर में जाने कैसी वृद्धि हुई,

संख्या नकली राजाओं और नवाबों की,

संसद में चर्चा चलती रही बहारों की,

सूख गयी सड़कों पर पौध गुलाबों की।

महोदय, मैं कह रहा था कि यह गैर-बराबरी बहुत खतरनाक स्थिति है। उसका कारण आप चाहे मानें या न मानें, लेकिन जब झारखंड के हमारे एक साथी की क्रूर हत्या की चर्चा हो रही थी, तब गृह मंत्री जी ने प्रकारांतर से स्वीकार किया था कि इसके पीछे कुछ आर्थिक कारण भी हैं। आर्थिक कारण मानें आर्थिक गैर-बराबरी भी रहा हो। मैं मानता हूं कि असंतोष हमेशा गैर-बराबरी से होता है, इसलिए यह गैर-बराबरी बहुत खतरनाक चीज है। यह आतंकवाद नक्सलवाद, अतिवाद - इनके पीछे कहीं-न-कहीं इसका भी हाथ है। इसलिए मैं सरकार को एक चेतावनी के रूप में कह

रहा हूं कि यह गरीब और अमीर की जो खाई है, यह बहुत खतरनाक है। लेकिन इस से भी ज्यादा खतरनाक है सियासी गैर-बराबरी। महोदय, गांधी जी ने कहा था कि देश को आजादी प्राप्त हो गयी और जिस लक्ष्य के लिए कांग्रेस पार्टी बनी थी, वह पूरा हो चुका है, इसलिए इसे disband कर दो। इसका मतलब यह है कि गांधी जी का इशारा था कि रीजनल प्रॉब्लम्स आएंगी, क्षेत्रवाद आएगा, अपने-अपने क्षेत्र के स्वार्थ पैदा होंगे और नई पार्टियां आएंगी। इसलिए यह उन्होंने कहा था, लेकिन वह स्वीकार नहीं हुआ। अब उस में सत्ता का लालच रहा हो, हम नहीं कह सकते, लेकिन गांधी जी की यह बात स्वीकार नहीं की गई। आज वही स्थिति पैदा हो गयी है। क्षेत्रीय पार्टियां हैं जो अपने क्षेत्र का विकास अपनी तरह से चाहती हैं, अपनी संस्कृति, अपनी तहज़ीब, अपनी life style की सुरक्षा चाहती हैं। उन्हें वह आजादी मिलनी चाहिए क्योंकि हमने अपने लोकतंत्र को संघीय स्वरूप दिया है, लेकिन जब राजनीतिक गैर-बराबरी होती है तो फिर याद रखिएगा लोकशाही में खास तौर से जो हमारा संघीय ढांचा है, उस पर बहुत आक्रमण होता है। क्या यह गलत है कि राज्यपालों का प्रयोग हथियार के रूप में विपक्षी सरकारों को गिराने के लिए किया गया है? महोदय, मैं नाम नहीं लेता कि किस पार्टी ने किया, सभी ने किया। जो केन्द्र की सत्ता में रहे हैं, उन्होंने किसी को बख्शा नहीं है। इसलिए हम कहते हैं कि सियासी गैर-बराबरी उससे भी ज्यादा खतरनाक है क्योंकि इस से हमारा संघीय ढांचा खत्म हो जाएगा। महोदय, राजीव शुक्ल जी चले गए, वह कह रहे थे कि जनेश्वर जी ने यह कहा। जनेश्वर जी ने कुछ नहीं कहा। जनेश्वर जी ने कहा कब तक पीछे पड़े रहो।

महोदय, एक बार यू०पी० में राष्ट्रपति शासन की चर्चा चली और राष्ट्रपति शासन की बात इसलिए खत्म हो गयी कि इलेक्शन आ गए। अभी कह रहे थे कि ज्यूडिशियरी में सुधार होना चाहिए। सुधार का आधार यही बता रहे थे कि ज्यूडिशियरी की क्रेडिबिलिटी खत्म हो गयी है, विश्वसनीयता खत्म हो गई है। तो एक तरफ विश्वसनीयता खत्म हो गई है, तो अगर हमको यह लग रहा है कि राष्ट्रपति शासन नहीं प्रयोग कर पाए, तो ज्यूडिशियरी का तो हम नहीं कहते, लेकिन यह जो जजमेंट है, वह संदिग्ध है और सी०बी०आई० पर बात किये। अभी यह बात कर रहे थे कि सी०बी०आई० की कैसे हो सकती है।

आदरणीय महोदय, आज ही के एक अखबार में एक बड़ा आर्टिकल निकला है। यह इतना बड़ा आर्टिकल है - Weapons of Mass Destruction. इसमें श्री अरुण जेटली जी ने 7 एग्जांपिल्स दिए हैं, जहां सी०बी०आई० की भूमिका संदिग्ध रही है। इसलिए हम यह मानते हैं कि सी०बी०आई० की भूमिका संदिग्ध है और हम नहीं चाहते हैं। इसमें हमको साजिश लगती है कि कांग्रेस यू०पी० में राष्ट्रपति शासन इस्तेमाल नहीं कर पाई, हम पर थोप पाई, तो उन्होंने सी०बी०आई० के बहाने से एक ऐसी स्थिति उत्पन्न कर दी कि उनको किसी तरह से एक बहाना मिल जाए। इसलिए अगर हम यह कहते हैं कि सी०बी०आई० के बजाए किसी और से जांच करवा ली जाए। आप कोई संसदीय समिति

बना दीजिए, हम उसके लिए तैयार हैं, क्योंकि वह एक व्यक्ति का बिल्कुल झूठा आरोप है। उस बात की हम चर्चा इसलिए नहीं कर रहे हैं कि हमने वह सी॰डी॰ भी माननीय सभापति जी को दे दिया। उन्होंने कहा था कि हमने उसे पढ़ा और अगर हमें लगा कि इसमें कुछ बात है, तो हम कुछ करेंगे, लेकिन वह बात अभी आई नहीं है। जिसमें साफ कहा गया, जिस आदमी ने मुकदमा दायर किया है, अपनी आवाज में वह कहता है कि इन जजेज़ को भी आगे छत चाहिए। हम कभी किसी जज के ऊपर, मैं जानता हूं कि वह हमारा उद्देश्य नहीं है, लेकिन हम जजमेंट पर तो शक कर सकते हैं। नहीं तो फिर किस बात पर बहस हो रही थी कि ज्यूडिशियरी में सुधार होना चाहिए? किस क्रेडिबिलिटी की बात की जा रही थी? इसलिए इसको मैंने कहा कि यह सियासी गैर-बराबरी है: हम जब तक आपको समर्थन देते रहे, तब तक हम बहुत अच्छे थे और समर्थन लेने के बाद हम में सब खराबियां पैदा हो गईं। जैसे ही हमने विदड्रॉ किया, हम राष्ट्रपति शासन के भी योग्य हो गए, हमारे पीछे सी॰बी॰आई॰ भी लगा दी गई। यह मैं कहना चाहता हूं कि ये सारे प्रयास इस संघीय ढांचे के लिए, प्रजातंत्र के लिए और लोकशाही के लिए बहुत खतरनाक हैं, इनसे बाज आया जाए। मैं यही बात कहना चाहता हूं, माननीय महोदय।

साहब, एक बात और कहना चाहता हूं, जो मैं कहने वाला था यह सब तो मुझ से जबरदस्ती कहलवा दिया गया। यह तो यह हुआ कि ...(व्यवधान)... मुझे एक शेर कहना पड़ता है, अलका जी ...(व्यवधान)... अलका जी, मैं आपके लिए एक शेर पढ़ रहा हूं ...(व्यवधान)... अलका जी, मैं आपके सम्मान में एक शेर पढ़ रहा हूं ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: यह आपके बारे में शेर कह रहे हैं, सुनिए। ...(व्यवधान)...

श्री उदय प्रताप सिंह: मैं आपके सम्मान में एक शेर पढ़ रहा हूं-

क्या मेरी जुबां पर भी जादू तेरा चलता है,
क्या सोच के आया था, क्या मुंह से निकला है। ...(व्यवधान)...

मैं यह कहने के लिए बिल्कुल नहीं आया था। आप आदरणीय बात कर रहे थे, तो मैंने कहा कि कर्ण सिंह जी ने प्रस्ताव किया, इसलिए मैं इसका विरोध नहीं करना चाहता था। यह मैंने कहा। अब जो एक-दो बात मैं कहने आया था, वह अब सुनिए। यह तो जबरदस्ती की बात हो गई।

माननीय महोदय, जब हम सेक्युलरिज्म की बात कर रहे थे और उसमें यह कह रहे थे कि यह देश एक बहुभाषी देश है, बहुधर्मी देश है। उसमें एक एकता और अखंडता का सपना देखते हैं तथा 15 अगस्त और 26 जनवरी को कसमें खाते हैं। लेकिन एक और विषमता बढ़ती चली जा रही है और वह है - शिक्षा के क्षेत्र में। शिक्षा में जितनी धाराएं निकल रही हैं, उन धाराओं को मिलाना बहुत कठिन है। ''हिन्दू-मुस्लिम-सिख-इसाई, हम चारों हैं भाई-भाई'' यह कहना बहुत आसान है,

लेकिन एक पब्लिक स्कूल में पढ़े हुए बच्चे को और एक गांव के स्कूल में पढ़े हुए बच्चे की संस्कृति को मिलाना बहुत मुश्किल है। यह भी हमारी एकता और अखंडता के लिए बहुत खतरनाक है। यह इतना खतरनाक है कि मैं आपसे कह नहीं सकता। अभी इस सम्बन्ध में तमाम तरह की बातें हो रही हैं कि शिक्षा होनी चाहिए और सब के लिए शिक्षा हो। हमारे एक साथी ने भी कहा कि सर्व शिक्षा अभियान की जगह यह ''सरल'' करिए। इसको सरल करिए या न करिए, पर इसको सार्थक करिए। स्थिति यह है कि आप गांवों में चले जाइए तो टाट नहीं, पट्टी नहीं। जब से यह ''मिड डे मील'' आ गई है, तब से बच्चों की संख्या जरूर बढ़ी है, लेकिन उसी वक्त तक, जिस वक्त खाने का वक्त होता है। उसके बाद तक तो उनके मां-बाप भी आ जाते हैं। उसके बाद वे भी चले जाते हैं और अपने बच्चों को भी साथ में ले जाते हैं। दिन-भर खाना बनता रहता है। जो कुछ भी पढ़ाई-लिखाई होती थी, वह भी चौपट हो गई। इसलिए कि इस मुल्क के अन्दर पब्लिक स्कूल की पढ़ाई दूसरी, केन्द्रीय विद्यालय की पढ़ाई दूसरी, प्राइवेट स्कूलों की पढ़ाई तीसरी और प्राइवेट स्कूलों में भी अमीर स्कूलों की और गरीब स्कूलों की पढ़ाई अलग, गांव की पढ़ाई अलग और शहर की पढ़ाई अलग। आप एकता और अखंडता की बातें करते हैं। पब्लिक स्कूल, देहरादून से पढ़ा हुआ एक मिनिस्टर और दूसरी तरफ एक गांव के, बिहार के रघुवंश प्रसाद सिंह जी, इन दोनों की संस्कृति में इतना अंतर है कि पहले वाले तो कभी हिंदी नहीं बोलते और एक हमारे रघुवंश प्रसाद सिंह जी हैं, जिनकी मैं तारीफ करता हूं कि वे अंग्रेजी नहीं बोलते। मैं अंग्रेजी का लेक्चरर रहा हूं, लेकिन जिस दिन मैं पार्लियामेंट में आया, तो हमारे नेता ने हमें कहा था कि जिस भाषा में वोट मांगते हो, उसी भाषा में बोलना, क्योंकि हम वोट अपनी भाषा में मांगते हैं। मैं सारी भारतीय भाषाओं का बहुत-बहुत सम्मान करता हूं। हमारे उत्तर प्रदेश में गवर्नर साहब ने पिछले समय में कह दिया, मैं नाम नहीं लेना चाहता, उन्होंने कह दिया कि अंग्रेजी पढ़ो और आगे बढ़ो। तब वहां झगड़ा हुआ। ज्ञान आयोग की बात कर दी और अभी पीछे कह दिया कि संस्कृत पुराने युग की भाषा है और न जाने क्या-क्या कह दिया, जिससे दंगे हुए। मैं दंगे-फसाद की बात नहीं कर रहा। यहां डा॰ कर्ण सिंह जी बैठे हैं, जो संस्कृत के इतने बड़े विद्वान हैं, बताएंगे कि क्या मैं गलत बात बोलता हूं कि अधिकांश भारतीय भाषाओं की जननी संस्कृत है?

श्री उपसभापति: नहीं, गवर्नर को हम डिसकस नहीं करते, उसको रेस्ट्रेन करते हैं।

श्री उदय प्रताप सिंह: नहीं, मैं नहीं कर रहा। मैंने पहले ही कहा, लेकिन उनके भाषण पर तो बात कर सकते हैं।

श्री उपसभापति: नहीं, उनके भाषण पर नहीं। ...(व्यवधान)...

श्री उदय प्रताप सिंह: चलिए, मैं नहीं कर रहा।

श्री उपसभापति: अब कैसे नहीं कर रहे? ...(व्यवधान)...

श्री रुद्रनारायण पाणि: सर, रूल ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति: नहीं, आप बैठिए। वह रूल है, कैसे है, आपको रूल समझाना पड़ेगा। आप बैठिए। ...(व्यवधान)... नहीं, नहीं, आप बैठिए।

श्री उदय प्रताप सिंह: सर, ऐसा है कि मैं डा० कर्ण सिंह जी से अपील करता हूं कि वह फैसला कर दें कि क्या मैं गलत कह रहा हूं कि अधिकांश भारतीय भाषाओं की मां संस्कृत है? इसलिए जब कोई संस्कृत का अपमान करता है, तो हमें लगता है कि भारतीय भाषाओं का अपमान एकसाथ हुआ है।

उपसभापति महोदय, मैं शिक्षा की बात कर रहा था। गांधी जी ने एक बात और कही थी कि इस देश से अंग्रेज चला जाए, तो देश आजाद नहीं होगा अगर अंग्रेजी और अंग्रेजियत नहीं गई। क्या अंग्रेजी और अंग्रेजियत इस देश से चल गई है? संसद में बात करके देखिए, ऐसा लगता है कि जैसे अभी अंग्रेज हिंदुस्तान से नहीं गया है। तो गांधी जी का वह सपना अभी पूरा नहीं हुआ, शहीदों का सपना पूरा नहीं हुआ, जिन्होंने कहा था कि अंग्रेज चला गया, तो भी वह मुल्क आजाद नहीं होगा, अगर अंग्रेजी नहीं गई। आज भी हाल यह है, मैं अंग्रेजी का लेक्चरर रहा हूं, एक समाजवादी संकल्प के तहत भारतीय भाषाओं के लिए मैंने दुनिया के सारे देशों में काम किया है, लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि अगर मैं यहां राजधानी में बैठकर हिंदी का अखबार मांग लूं, तो आसपास के लोगों को यह शक जाहिर होता है कि यह बिना पढ़ा-लिखा आदमी कहां से राजधानी में आ गया है।

[उपसभाध्यक्ष (श्री दिनेश त्रिवेदी) पीठासीन हुए]

महोदय, इसलिए मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि इसमें सबसे ज्यादा सुधार की आवश्यकता है, क्योंकि बहुत बातें हुई हैं, बहुत-बहुत विषयों पर बातें हुई हैं और वह शिक्षा को लेकर हुई हैं।

महोदय, मैं अंतिम बात कहकर अपनी बात समाप्त कर दूंगा, क्योंकि मैं आपकी निगाहों से समझ रहा हूं, जो आप कहना चाह रहे हैं। जब महंगाई पर बात हुई, तो सरकार ने अपनी पीठ अपने आप ठोक ली कि यह सेन्सेक्स बढ़ रहा है, तमाम विकास दर बढ़ रही है और जब महंगाई की बात आई, तो कहा कि यह इसलिए बढ़ रही है कि सेन्सेक्स से पैसा ज्यादा हो गया है, तो आदमी ज्यादा चीजें खरीदेगा और इसमें चीजों की कमी हो जाएगी तो महंगाई अपने आप बढ़ जाएगी। महंगाई बढ़े या घटे, मगर हमारी जो चिंता है, वह यह कि अगर महंगाई बढ़ती है तो उसका नुकसान और लाभ सबको बराबर होना चाहिए। हो क्या रहा है कि किसान आत्महत्या कर रहे हैं। किसान जो पिछले पचास साल से अनाज पैदा कर रहा है, आजादी के बाद हमारी सरकार नहीं थी, हमारी सरकार कभी आएगी, मगर सरकार आपकी ही थी, इनकी भी नहीं थी और जबसे आजादी मिली है, तब से बराबर यह हो रहा है कि किसान जो चीज पैदा करता है, उसके दाम ऐसे बढ़ते हैं, जैसे कछुए की गति से बढ़ रहे हों। मैं उदाहरण देता हूं कि सन् 1947 में एक रुपए का तीन सेर गेहूं

मिलता था, आज आठ रुपए मान लो, तो उस हिसाब से 24 गुना भाव बढ़ा, लेकिन सीमेंट की बोरी उस समय जो बारह आने की मिलती थी, वह तीन सौ रुपए में मिलती है, ...(व्यवधान)... जो भी हो, ढाई सौ की मिलती है तो ढाई सौ के हिसाब से भी देखें तो कितने गुना कीमत बढ़ी है।

महोदय, बचपन की एक कविता मुझे याद है -

बच्चो सुनो मिठाई वाला,
आया है मटरू लाला।
लिये हाथ में एक थाली,
इसकी धोती कितनी काली।
इसके डंडे में है फेर,
आने की देता दो सेर।

एक आने की दो सेर मिठाई आती थी, यानी आज के हिसाब से एक रुपये की 32 सेर मिठाई। आज के जमाने में 32 सेर मिठाई कितने की हुई? 3200 रुपये से कम की नहीं हुई। इस तरह मिठाई के दाम 3000 गुना बढ़ गए हैं, सीमेंट के दाम 200 गुना बढ़ गए हैं, लेकिन पिछले 50 साल में गेहूं के दाम केवल 24 गुना बढ़े हैं। जो कुछ किसान पैदा करता है, उसकी चीज़ के दाम कछुए की रफ्तार से बढ़ते हैं और जो वह ख़रीदता है...।

कुछ दिन पहले जब इस विषय पर यहां बहस हो रही थी, तब माननीय कृषि मंत्री जी ने कहा कि हमें यह भी ध्यान रखना पड़ता है कि जो कंज्यूमर है, उसे भी गेहूं तेज़ न मिले, इसलिए हम गेहूं के मूल्य पर नियंत्रण रखते हैं। मुझे अभी उनके शब्द अच्छी तरह से याद नहीं हैं, लेकिन भाव अवश्य याद है, यहां कृषि मंत्री जी ने अपने एक उत्तर में यह कहा था। मैं बड़ी विनम्रता से कहना चाहता हूं कि किसान से बड़ा इस देश में न कोई कंज्यूमर है और न ही उससे बड़ा कोई उत्पादक है। वहीं सबसे बड़ा उत्पादक है और वहीं सबसे बड़ा कंज्यूमर है। इसलिए क्या आप उसके हितों का ध्यान नहीं रखेंगे? इन्हीं चीज़ों की वजह से आज ये आत्महत्याएं हो रही हैं और किसान दिन-पर-दिन गरीब होता चला जा रहा है। हमारे सत्ता पक्ष के लोगों की आंखों पर जो चश्मा लगा है, मैंने अपने कानों से उनको यह कहते हुए सुना है कि किसान के पास तब साइकिल नहीं होती थी, आज मोटर साइकिल है, तब उसके पास झोंपड़ी नहीं होती थी, आज पक्का मकान है। अरे, आप अपनी तरफ भी तो देखिए कि तब एमपीज़ कैसे रहते थे और आज कैसे रहते हैं।

देखिए, मैं यह बात तो कहूंगा, जो भी आदर्शवाद है, वह सारा-का-सारा क्या सिर्फ किसान के लिए है? इस देश में नारा दे दिया जाता है, ''जय जवान-जय किसान''। मैं कहना चाहता हूं कि यह नारा एक ही परिवार के लिए है, किसान के बेटे का नाम जवान है और जवान के बाप का नाम

किसान है। इन दोनों के लिए एक ही नारा दिया जाता है, इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि जब तक किसानों के उत्पादन का उन्हें सही मूल्य नहीं मिलेगा, तब तक तो यह वैसी बात होगी कि आप पत्तों में पानी दे रहे हैं, पेड़ में नहीं। आप पेड़ की जड़ में पानी दीजिए।

अंतिम बात मैं यह कहना चाहता हूं, वह बात तो खत्म हो गई थी कि हमने केन्द्र सरकार से कहा कि हमें यू.पी. में कुछ पैकेज दीजिए, हम ये-ये कार्य कर रहे हैं तो वे कहने लगे कि नहीं, वे सब काम तो हो गए हैं। अब कितने हुए हैं, कितने नहीं, यह अगले चुनावों में पता चल जाएगा, आपका सरप्लस बजट है।

मैं यह कहना चाहता हूं कि यह जो सियासी गैर-बराबरी की बात-चीत चल रही थी, उस पर राजीव जी इतने चहक रहे थे, उस तरह की गैर-बराबरी भी बहुत है। उत्तर प्रदेश के साथ यह जो हुआ है, उसके बारे में मैं आपकी बात समझ रहा हूं। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं, धन्यवाद।

श्री बनवारी लाल कंछल (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष जी, एक बात मैं कहना चाहूंगा, मैंने टेबल ऑफिस में बार-बार यह आग्रह किया है कि मुझे कार्यवाही हिन्दी में भेजी जाए, मुझे इंग्लिश नहीं आती है, लेकिन आज साल-भर हो रहा है, मुझे हिन्दी में कार्यवाही भेजी नहीं जाती है। मेरी शिकायत दर्ज की जाए और इसका समाधान किया जाए।

श्री अमर सिंह: सर, यह बहुत गंभीर मामला है कि अंग्रेजी में कार्यवाही भेजी जा रही है, सर हिन्दी में आनी चाहिए।

श्री उपसभाध्यक्ष (श्री दिनेश त्रिवेदी): टेबल ऑफिस इसके बारे में जरूर नोट लेगा और यदि इसमें कहीं कोई कमज़ोरी है तो उसे देखा जाएगा।

श्री बनवारी लाल कंछल: सर, पूरी कमज़ोरी है, यह कोई थोड़ी कमज़ोरी नहीं है।

SHRI SHARAD ANANTRAO JOSHI (Maharashtra): Sir, I thank you for giving me the floor, at least, on the fourth day of the discussion on the Motion of Thanks moved by hon. Dr. Karan Singh.

Sir, on the question of population, Dr. Karan Singh himself added a rider without proposing a specific amendment, and, I think, I could not be following a better example than that.

Sir, on the 23rd of February, sitting in the Central Hall, I was a witness to the President walking in the panoply, and the Majesty of the President of India giving a speech, and I was wondering how lucky India has been in

getting one President after another, the whole range of them, all learned men of high moral stature who have guided the destiny of this country. Sir, I was particularly impressed by the Address that the President gave midway between the rule of the UPA Government which has actually given us an opportunity to have a discussion of the kind that happens only at the time of a vote of No Confidence except that there will be no vote at the end. So, without any political strings attached to it, so many Members have taken part in it, and they are expressing, they are writing a kind of confidential record of the UPA Government over the last three years.

Sir, the President is aware of all kinds of things, not that these suggestions that we make are not known to him. In the old days, in the British days, the Governors and the Vice Roys did not have advisors There were remembrancers. The idea was that there was nobody good enough to advise a Governor or a Vice Roy. The job of the remembrancers was just to remind them. They knew everything; but they had only to be reminded. So, my speech would be in the nature of a remembrancer, who would only very humbly point out to the President that there are certain notions that are used by the existing Government which need to be reconsidered in all humility.

The first point with which we start is, as in the Address, the President has also expressed his satisfaction about the rate of growth that we have attained. Dr. Karan Singh also referred to that and pointed out that there used to be a sort of threshold growth rate of three per cent which was called the Hindu rate of growth, and he wondered what would be the correct nomenclature for the rate of growth that we are observing today, that is, eight per cent, nine per cent and 9.2 per cent! Sir, I would like to point out that this is not something that has happended under a Sikh for the first time. The rate of growth attained even during the NDA regime was, on an average, eight per cent and in the last quarter of the NDA rule we had actually reached 10.3 per cent, which has not yet been reached under the UPA regime. The credit for this growth does not go either to the UPA or to the NDA. The credit, if at all you want to give it, goes to Mr. P.V. Narasimha Rao and his Finance Minister, Dr. Manmohan Singh. He gets the credit as the Finance Minister then, and not as the Prime Minister now, He broke the shackles that were imposed by the Nehruvian socialism and made the entrepreneurs free. The Indian Entrepreneurs was able to assert himself and he showed after that his capacity to work, his capacity

to take risks and his capacity to innovate, and since then we have had an entirely new paradigm in which eight per cent or nine per cent is becoming possible. No Government can really claim credit for that. The rate of increase of GDP depends directly on the abstinence of the Government from discouraging farmers, discouraging the producers. The figures of 9.2 per cent, etc., have to be understood only in that context. I have to point out, at the same time, that there is no explanation as to why the rate of agriculture growth is only 2.4 per cent. That is a very serious matter and I wish the President had elaborated on that and expressed some kind of a commitment on behalf of his Government as to what they want to do. It is a known fact that in the recent eyars, when the Prime Minister went to Vidarbha, as a great and eminent economist, he should have no problem in finding out what the causes of indebtedness of farmers are. After going to Vidarbha, he appointed a committee. It is still to submit its report. That is a very serious matter. The President of India should have given a firm commitment that even if the Prime Minister's package has failed, his Government will certainly do something so that, at least, the rate of suicides of farmers does not increase hereafter.

Sir, the second point that I would like to mention is about inflation that has been preocupying the minds of everybody. Unfortunately, the President, as also the Finance Minister, appeared to put the blame for this inflation on supply constraints. They are tyring to, particularly, point out that the prices of agriculture commodities have incrased more than the prices of the industrial or secondary commodities. Sir, I would like to very humbly point out to the President that never in the history of independent India have the commodity prices been a cause of inflation. It has always been the other way round. Hon. Uday Pratap Singhji was saying that if the commodity prices had increased by 24 times, the other prices had increased by 150 times or 200 times. In this particular case, I would like to very humbly submit that the inflation that we are seeing today is an inevitable consequence of what is called the *aam admi* economy, the welfare economy.

The Budget goes on spinning out thousands of crores of rupees, and when that kind of money is flushed into the economy, then, the welfare economy, or the kind of that is being following by the UPA Government, inevitably causes inflation.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI DINESH TRIVEDI): I will have to very humbly submit that the House is adjourned for lunch till 2.00 p.m.

The House then adjourned for lunch at one minute past one of the clock.

The House reassembled after lunch at two minutes past two of the clock,

[THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN) in the Chair.]

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Mr. Joshi, please continue your speech.

SHRI SHARAD ANANTRAO JOSHI: Thank you, Mr. Vice-Chairman.

Before the lunch break, in the two minutes that I got, I submitted for the attention of the hon. President of India that the advice that he has received about the rate of growth is incomplete, and the reality is quite different. I was point out that even the advice about inflation is not correct in the sense that agricultural commodities have never been responsible for inflation. And, this time too, it is not the prices of agricultural commodities which are responsible for the rise in prices. What has happened is, in the spate of populism, so much money is being spent that the banks and the whole country are flushed with money and that is the reason why the prices are increasing. I would also like to submit that this psychosis caused by the rise in prices is being used to do further injustice to farmers who are already on the threshold of committing suicides. The Government has already taken steps to inform private traders in Punjab and the wheat-producing States that they should not enter the market unitil the FCI has had its fill.

Now, recently, the Finance Minister also announced that the Futures Market would not be availabe for wheat and paddy. Sir, this is a trespass on the freedom of market of farmers and I would like to advise the President that this is a matter in which his Government is taking wrong steps.

Sir, the third point on which I would like to make a submission to the President is that he has talked very specifically about the inclusive infrastructure of social and economic development. I would like to point out, Sir, that this inclusiveness is rather spurious and selective in the sense that

it includes the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes communities, it also includes the minority community; it includes even the physically handicapped; it includes women; there would be separate statements in the Budget and there are separate statements even in the President's Speech; but, there is nothing like a separate statement or a chapter for the farmers. So, this selectiveness acts in such a way that those who are born into certain communities are treated as 'included group', while those who have become poor or backward by their vocation have been excluded.

Sir, a number of Members have talked about the inefficiency of the National Rural Employment Guarantee Scheme. As the Scheme started in Maharashtra, I would like to point out that this flagship of the UPA has capsized in the sense that they have not been able to spend the money, the employment offered is barely 37 days per family, and further it is having an adverse effect on the agricultural operations because those who want to work in agriculture prefer to go on the NREGP schemes where they get forty rupees for doing no work rather than go to the back-breaking work in the field where they get fifty or sixty rupees. This is spreading a kind of an immoral environment in the countryside as regards the agricultural labour.

Sir, the last and a very small thing. I would like to mention is the wrong advice he has received about ...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Please don't stand like that.

SHRI SHARAD ANANTRAO JOSHI: Sir, in paragraph 23 of the President's Address, there is a mention of the National Institute of Food Technology, Entrepreneurship and Management proposed to be set up. Now, I would like to say, Sir, that the CFTRI in Mysore does precisely the same work, and possibly, the President has not been told that there is an institute which already exists in the country to do precisely the same work. Sir, with these three-and-a-half points, I complete my humble submission to the President to take note of the situation, particularly because I said this is some kind of a mid-term vote of confidence without a roll call. Thank you very much.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Now, Shri Syed Azeez Pasha, not here. Shri Tarlochan Singh.

श्री तरलोचन सिंह (हरियाणा): चेयरमैन सर, मैं आपको धन्यवाद देता हूं क्योंकि आप मुझे इस विषय पर बोलने के लिए समय दे रहे हैं। सर, राष्ट्रपति जी का जो एड्रेस है, उसके पहले पैराग्राफ में एक

बहुत बड़ी गलती है, शायद गलती शब्द अच्छा नहीं है, इसमें इतना बड़ा अन्याय हिस्ट्री से है। राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में यह कहा है कि यह साल 1857 की पहली जंग-ए-आजादी का साल है। सर, इस पर मुझे बहुत बड़ा ऐतराज है। इंडिया के जितने भी हिस्टोरियन हुए हैं, जिसमें डा॰ सर जदूनाथ, डा॰ आर॰सी॰ मजूमदार और डा॰ सुन्दरनाथ सेन है, उन्होंने 1857 की घटना के बारे में किताबें लिखी हैं। उनमें से किसी ने भी इसको पहली जंग-ए-आजादी नहीं कहा है। सर, मेरा यह ऐतराज है कि अंग्रेजों का राज 200 साल रहा है, उनसे पहले बहुत से बादशाह रहे हैं, जिनमें बहुत इनवेडर थे। यह जो आठ-नौ साल का पीरियड है.... । इसमें बहुत से ऐसे लोग, ऐसी संस्थाएं थीं, जिन्होंने इस विदेशी राज को उखाड़ने में कुर्बानी दी। शिवाजी मराठा लड़े, जिनकी आज महाराष्ट्र ही नहीं, बल्कि हर जगह पूजा होती है। क्या वे अपने लोगों के खिलाफ लड़ रहे थे? अगर शिवाजी बगावत कर रहे थे, तो आज उनकी पूजा क्यों करते हैं? क्या वे जंगे आज़ादी के लिए नहीं लड़े थे? महाराणा प्रताप की गाथाएं सारा देश गाता है। क्या महाराणा प्रताप विरोधी थे या देशभक्त थे? क्या उनका नाम हिस्ट्री में नहीं है? बाबा बंदा बहादुर, जिन्होंने 1709 में नॉर्थ इंडिया में मुगल सरकार को उखाड़कर पहला राज किया। यह नॉर्थ इंडिया में आठ, नौ सौ साल के बाद हमारा पहला सॉवरेन था। यह क्या था? क्या वह बागी था? हम उसे निकालें? मैं यह समझता हूं कि 1857 के लिए यह कहकर कि यह पहली जंगे आजादी थी, आप उन सभी देशभक्तों के खिलाफ अन्याय कर रहे हैं, उनको मान्यता नहीं दे रहे हैं। अंग्रेजों की बात करें तो अंग्रेजों की जो सबसे बड़ी जंग हुई, वह एंग्लो सिक्ख वार है। यह 1845 में हुई थी। इसमें यह कहा कि अगर देश में अंग्रेजों को कभी खतरा पैदा हुआ तो वह उस वार से था। यहां के गवर्नर जनरल को बदलना पड़ा। यह जो अंग्रेज और पंजाब की लड़ाई थी, क्या वह अंग्रेजों के खिलाफ नहीं थी? उनको क्या कहें? मेरा यह मानना है कि भारत सरकार किसी और कारण से अपनी हिस्ट्री को गलत न करे। जो हिस्टेरिकल सच है, उसे सही रूप में बताया जाए।

यह कहा गया कि सत्याग्रह हुआ। सत्याग्रह की हम सभी पूजा करते हैं, सारी दुनिया जानती है, लेकिन सत्याग्रह के अलावा भी जिन देशभक्तों ने फांसी की रस्सियां चूमीं, उनका क्या रोल है? शहीद भगत सिंह जी का इस साल सौ साल वां जन्मदिन 27 सितम्बर को है, इसमें उसका जिक्र भी नहीं है। हम सभी ने इसी हाउस में यूनेनिमसली पास किया था कि शहीद भगत सिं ी के लिए इस हाउस में कुछ किया जाए। इसी हाउस में, पार्लियामेंट में शहीद भगत सिंह जी ने बम फेंका था। उनका सौ सालवां जन्म दिन 27 सितम्बर को है, लेकिन सरकार सो रही है। क्या शहीद भगत सिंह का देश की आजादी में कोई रोल नहीं है? इसमें हम उन लोगों का कहीं भी जिक्र नहीं कर रहे हैं, जिन्होंने हमारी आजादी में इतना बड़ा रोल अदा किया है।

राष्ट्रपति जी के एड्रेस में दूसरी बात सेक्युलरिज्म है। हम सब इंडिया के लोग इस बात को मानते हैं कि हिन्दुस्तान की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि यह देश शुरू से ही तमाम धर्मों की कद्र करता

